संख्या- 14/911/49-3-2014-100(25)/92टीसी-।।।

प्रेषक,

राम किशोर,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निबन्धक,
सहकारिता,उ0प्र0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक: 14अगस्त , 2014

विषय- एकीकृत सहकारी विकास परियोजना (आई0सी0डी0पी0) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त एवं लेखाधिकारी के पत्र दिनांक 17-7-2014 के साथ संलग्न आपके पत्र संख्या- 129-31/मानी0सेल0/लेखा, दिनांक 17जुलाई, 2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आई0सी0डी0पी0 योजनान्तर्गत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा क्रमश: जनपद फैजाबाद, मैनपुरी, मऊ, इटावा, बलिया, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, बॉदा, एटा तथा कासगंज में एन0सी0डी0सी0, नई दिल्ली से प्राप्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्वीकृति के लिये वर्ष 2014-15 में स्वीकृत आय-व्ययक प्राविधान के सापेक्ष रू0 928.64 लाख ऋण, रू0 2671.31 लाख अंशपूॅजी तथा रू0 1200.78 लाख परियोजना अनुदान तथा रू0 567.53 लाख पी0आई0टी0 हेतु अनुदान अर्थात कुल रू0 5368.26 लाख (रूपये तिरपन करोड़ अड़सठ लाख छब्बीस हजार मात्र) संलग्न विवरण के अनुसार आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त धनराशि वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- बी-1-2457/ दस-2014-231/2014, दिनांक 22जुलाई, 2014 में उल्लिखित प्रक्रिया/प्रतिबन्धों के आधार पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन स्वीकृत की जा रही है :--

(1) स्वीकृति की जा रही धनराशि का आहरण एन0सी0डी0सी0 से परियोजनाओं की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।

(2) पूर्व में स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध हो जाने पर वर्ष 2014-15 में स्वीकृत धनराशि का आहरण नियमानुसार किया जाये तथा उक्त धनराशि जिन मदों में स्वीकृत की जा रही है, उन्हीं मदों में नियमानुसार व्यय की जायेगी। इसके अतिरिक्त आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा इस सम्बन्ध में सुस्पष्ट सूचना शासन को उपलब्ध करायी जायेगी कि लाभार्थी समितियों द्वारा ऋण का प्रतिदान एवं ब्याज का संदाय नियमित रूप से शासन को किया जा रहा है। उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी प्राप्त कर लिये जाये तथा यह भी देखा जाए कि जिन समितियों के पक्ष में स्वीकृतियॉ जारी की जा रही है क्या वे लाभ अर्जन की स्थिति में है?

(3) स्वीकृत अनुदान की धनराशि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा स्वीकृत परियोजना में उल्लिखित शर्तो के अनुसार ही व्यय की जायेगी।

(4) स्वीकृत धनराशि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की परियोजना के निर्धारित पैटर्न पर राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में व समय-समय पर प्राप्त एवं निर्गत होने वाली शर्तो के अनुरूप ही नियंत्रित

.....2/.....

http://sahsanadesh.up.nic.in

होगी। स्वीकृति धनराशि प्रोजेक्ट सैंक्शन करने वाली कृषि उत्पादन आयुक्त (ए0पी0सी0) की अध्यक्षता वाली समिति से स्वीकृति प्रोजेक्टस में निवेश हेतु आवश्यकतानुसार धनराशि आहरित की जायेगी।

(5) इन शर्तो के अनुपालन को सुनिश्चित किये जाने की पूर्ण जिम्मेदारी आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ की होगी।

(6) आवश्यक उपयोग प्रमाण-पत्र एवं इसकी सूचना यथासमय राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को तथा राज्य सरकार को त्रैमासिक रूप से उपलब्ध कराना होगा और पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित होने के उपरान्त भौतिक प्रगति की सूचना भी शासन को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।

(7) उपरोक्त पैरा--1 में स्वीकृत धनराशि किसी अन्य प्रयोजन के लिये प्रयोग में नहीं लायी जायेगी। लेखों का लेखा परीक्षण मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियों एवं पंचायतें, उ0प्र0 द्वारा किया जायेगा तथा लेखों का लेखा परीक्षक, महालेखाकार, उ0प्र0 द्वारा भी किया जा सकता है।

(8) उन्हीं समितियों को चयनित किया जाये मार्गदर्शिका के अनुसार लाभ अर्जित करने की स्थिति में हो तथा यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि अंशधन देने के बाद यह समितियॉ आर्थिक रूप से उपादेयता की स्थिति प्राप्त कर लेगी।

(9) योजना के अनुश्रवण मानक निर्धारित कर उदेद्श्यों की पूर्ति की जानी सुनिश्चित की जाये।

3-- इस शासनादेश के प्रस्तर-2 के बिन्दु संख्या-1 से 08 में निर्धारित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन विभाग में तैनात वित्त नियंत्रक/मुख्य /विशिष्ट लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, की होगी एवं उनका यह दायित्व होगा कि उक्त सूचना पूर्ण विवरण सहित तुरन्त विभाग/शासन को दी जायेगी।

4- उपर्युक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-18 के अन्तर्गत निम्नलिखित लेखा शीर्षकों के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाइयों के नामे डाला जायेगा।

लेखाशीर्षक :--	**(धनराशि लाख रूपये में)**
"2425- सहकारिता- आयोजनागत	1768.31
800- अन्य व्यय	
04- एकीकृत विकास परियोजना(एन.सी.डी.सी. पोषित)	
27- सब्सिडी"	
"4425- सहकारिता पर पूॅजीगत परिव्यय - आयोजनागत	2671.31
200- अन्य निवेश	
05- एकीकृत सहकारी विकास योजना के अन्तर्गत सहकारी संस्थाओं में अंशपूॅजी विनियोजन(एन.सी.डी.सी. पोषित)	
30- निवेश/ऋण "	
"6425-सहकारिता के लिये कर्ज - आयोजनेत्तर	928.64
800- अन्य कर्ज	
04- एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के अन्तर्गत ऋण (एन.सी.डी.सी. पोषित)	
30- निवेश/ऋण"	**योग 5368.26**

योग-शब्दो में (रूपये तिरपन करोड़ अड़सठ लाख छब्बीस हजार मात्र) ..2/--

http://shasanadesh.up.nic.in

5- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से प्राप्त होने वाली वित्तीय सहायता की अनुदान धनराशि रू0 1484.545 लाख (रूपये चौदह करोड़ चौरासी लाख चौवन हजार पॉच सौ पैतालिस मात्र) की प्राप्तियॉ लेखा शीर्षक " 0425-सहकारिता-800-अन्य प्राप्तियॉ-03- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से प्राप्त अनुदान" में एवं ऋण रू0 3599.95 लाख (रूपया पैंतिस करोड़ निन्यानबे लाख पिनचानबे हजार मात्र) की प्राप्तियॉ लेखा शीर्षक" 6003-राज्य सरकार का आन्तरिक ऋण-108- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से कर्ज-18 -सहकारिता " के अन्तर्गत जमा किया जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-2-708 /दस-2014, दिनांक: 13-8-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

राम किशोर
संयुक्त सचिव।

पृष्ठांकन संख्या-14/911 (1)/49-3-2014-100(25)/92टी0सी0-।।।,तद् -दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित: --

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय,उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय,उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- जिलाधिकारी, फैजाबाद, मैनपुरी,मऊ,इटावा,बलिया,मुरादाबाद,बरेली,सहारनपुर,बॉदा,एटा तथा कासगंज ।
4- प्रबन्ध निदेशक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, 4 सीरी इन्स्टीट्यूशनल एरिया, हौजखास, नई दिल्ली।
5- मुख्य क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम,सहकारिता भवन, लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक/लेखाधिकारी, सहकारिता,उ0प्र0,लखनऊ।
7- सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता,उ0प्र0, फैजाबाद, मैनपुरी,मऊ इटावा,बलिया, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, बॉदा, एटा तथा कासगंज ।
8- सचिव/महा प्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक लि0 फैजाबाद, मैनपुरी,मऊ इटावा,बलिया, मुरादाबाद,बरेली,सहारनपुर,बॉदा,एटा तथा कासगंज ।
9- मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियॉ एवं पंचायतें,उ0प्र,लखनऊ।
10-मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11- वेब मास्टर, कार्यालय आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ।
12- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2
13- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2/3/4
14- वित्त संसाधन(केन्द्रीय सहायता) अनुभाग-1
15- नियोजन अनुभाग-3
16- बजट समन्वय/सम्बन्धित सहायक।
17- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

राम किशोर
संयुक्त सचिव।

...4/...

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-14/911(1)/49-3-2014-100(25)/92टी0सी0-।।।, दिनांक 14अगस्त, 2014 का संलग्नक-

क्रमांक	नाम परियोजना/ अध्ययनकर्ता	ऋण	अंशपूँजी	परियोजना हेतु अनुदान	पी0टी0आई0 हेतु अनुदान	योग
1	फैजाबाद	6.05	211.07	3.25	20.00	240.37
2	मैनपुरी	10.25	81.63	3.56	25.00	120.44
3-	मऊ	1.87	37.48	0.00	30.00	69.35
4-	इटावा	155.36	252.55	155.97	74.31	638.19
5-	बलिया	0.00	179.28	91.85	51.62	322.75
6-	मुरादाबाद	97.80	288.40	118.40	68.05	572.65
7-	बरेली	151.60	356.51	187.09	94.23	789.43
8-	सहारनपुर	101.08	161.00	118.00	60.40	440.48
9-	बॉदा	234.99	603.05	288.06	68.47	1194.57
10-	एटा	120.50	381.29	146.90	73.17	721.86
11-	कासगंज	49.14	119.05	87.70	2.28	258.17
	योग-	928.64	2671.31	1200.78	567.53	5368.26

लेखाशीर्षक :-- **(धनराशि लाख रूपये में)**

"2425- सहकारिता- आयोजनागत 1768.31
800- अन्य व्यय
04- एकीकृत विकास परियोजना(एन.सी.डी.सी. पोषित)
27- सब्सिडी"

"4425- सहकारिता पर पूँजीगत परिव्यय - आयोजनागत 2671.31
200- अन्य निवेश
05- एकीकृत सहकारी विकास योजना के अन्तर्गत सहकारी संस्थाओं में अंशपूँजी विनियोजन(एन.सी.डी.सी. पोषित)
30- निवेश/ऋण "

"6425-सहकारिता के लिये कर्ज - आयोजनेत्तर 928.64
800- अन्य कर्ज
04- एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के अन्तर्गत ऋण (एन.सी.डी.सी. पोषित)
30- निवेश/ऋण"

योग 5368.26

योग-शब्दो में (रूपये तिरपन करोड़ अड़सठ लाख छब्बीस हजार मात्र)

राम किशोर
संयुक्त सचिव।

http://sahasanadesh.up.nic.in